दिनांक 10 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

प्रगति नगर क्षेत्र में 75 लाख की लागत से 5 अलग स्थानों पर होने वाले सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य का महापौर ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 20 में विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद एवं एमआईसी मेंबर जी. राजू एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। प्रगतिनगर में 5 अलग अलग स्थानों पर सीमेंटीकरण कार्य किए जाएंगे। वृहद स्तर पर विकास कार्यों की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर श्री यादव का भव्य स्वागत किया और आवागमन के सहुलियत के लिए किए जाने वाले कार्यों के लिए आभार व्यक्त किए। भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 03 अंतर्गत वार्ड 20 प्रगति नगर में 75 लाख की लागत से विकास कार्यों की शुरूआत करने महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया और निगम प्रशासन एवं शासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दिए। महापौर श्री यादव ने उपस्थित जनों को बताया कि भिलाई निगम क्षेत्रांतर्गत बैकुंठधाम के पास भव्य सर्व मांगलिक भवन और पाॅवरहाउस में मदर्स मार्केट का निर्माण किया जा रहा है जिसका कार्य अंतिम चरणों में है जल्द ही इसका शुभारंभ होने से जनता को इसका लाभ मिलेगा। महापौर की उपस्थिति में हुए भूमिपूजन के तहत वार्ड के विभिन्न सड़कों पर सीमेंटीमकरण किया जाएगा, इससे लोगों को आवागमन की सहुलियत होने के साथ ही सड़को पर गड्ढो से राहत तथा बारिश के सीजन में कीचड़ से होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगी। प्रगति नगर वार्ड 20 में वृहद स्तर पर सड़कों का सीमेंटीकरण होने से वार्ड की सुंदरता भी बढ़ेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी